तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

12 संविधान दिवस पर कलेक्टरेट परिसर में ली गई शपथ





11 एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल...





बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


खबर संक्षेप

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**थान खम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम गुवारा में संचालित एक आरा मिल मे आज सुबह करीब 8 बजे 22 वर्षीय एक युवक ने अज्ञात कारणो से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।सूचना पाकर घटना स्थल पहूंची पुलिस ने मृत युवक का शव बरामद कर मिल में उपस्थित कर्मचारी की बयान व पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्च्युरी भेज दिया जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पश्चात शव परिजनो को सौप दिया गया। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है। घटना के मुताबिक समीपस्थ ग्राम गुवारा के आरा मिल मे लक्ष्मीकांत सिन्हा पिता छेदन सिन्हा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सहसपुर चौकी देवकर रोज की तरह 26 नवंबर को सुबह 8 बजे काम पर आया और सीधे मिल के उपर चला गया मृतक को उपर जाते चौकीदार देखा था मृतक के घंटे भर बाद भी नीचे नही आने पर चौकीदार उपर जाकर देखा तो युवक रस्सी के सहारे पंखे पर लटका हुआ मिला। आनन फानन मे रस्सी काटकर उसे उतारा गया और समीप के शासकीय समुदायीक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके पूर्व सूचना पाकर अस्पताल पहूंची पुलिस ने पंचनामा कराकर शव पव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया जहाँ शव परीक्षण पश्चात शव परिजनों को सौप दिया। मृतक के आत्महत्या करने का कारण फिरहाल अज्ञात है पुलीस कारणो को जानने तहकीकात में जुट गयी है।

## ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी चुराने वाले 9 आरोपी पकड़े

**भिलाई।** ग्राम पंचायतों में लगे सीसीटीवी कैमरे को चुराने वाले 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ 303(2), 324(4),112 बीएनएस, लोक संपत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत कार्रवाई की गई। मामला उतई थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को ग्राम पंचायत कोड़िया के सरपंच कुमार निषाद पिता दिनेश निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 23 नवंबर की रात्रि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ग्राम पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरा को चोरी कर ले गया है। साथ ही पंचायत भवन के सामने लगे 14 खंभों को भी चोरी का प्रयास करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर कुछ व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में बताया कि वे लोग अपने साथियों के साथ पंचायत भवन के पास में बैठते थे। लाइट बंद होने के बाद चोरी करने की योजना बनाकर पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरा चोरी कर लिए।

# 57000 शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर 30 को राज्यस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में लंबे समय से लंबित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करने एवं कम से कम 57,000 पदों पर भर्ती की मांग को लेकर शिक्षक भर्ती साझा मंच ने राज्य भर के अभ्यर्थियों को एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष के लिए आमंत्रित किया है। इसी कड़ी में मंच द्वारा 30 नवंबर रविवार दोपहर 11 बजे एक राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। रायपुर में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना है। प्रादेशिक बैठक में बेमेतरा जिलाध्यक्ष दीनबंधु साहू के नेतृत्व में जिले के सैंकड़ों अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे प्रमुख रूप से अरूण कुमार साहू, पुरूषोत्तम ध्रुव, परमेश्वर पटेल, रूपसिंह पटेल, तारण साहू, संतोष अंचल, राजकुमार, सुखदेव गायकवाड़, प्रदीप पाठक, डाकवर साहू, लोकेंद्र, भूषण साहू, दौलत यादव, कैलाश साहू, किशोर साहू, रवि दुबे, भूपेन्द्र साहू, ओमनारायण और अजय पात्रे सहित सैकड़ों अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती साझा मंच करेगा व्यापक रणनीति पर मंथन

### सरकार के 5000 भर्ती के दावों पर सवाल

मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा लगातार "लगभग 5000 भर्ती" की बातें तो की जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक, ठोस और प्रमाणित घोषणा सामने नहीं आई है। दूसरी ओर स्कूल शिक्षा विभाग में लगातार एक लाख से अधिक पद रिक्त होने की पुष्टि विभिन्न स्तरों पर हो रही है।

### बड़े आंदोलन की तैयारी

30 नवंबर की राज्यस्तरीय बैठक में आगे की रणनीति, संभावित आंदोलन, ज्ञापन और राज्यव्यापी अभियान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मंच का दावा है कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो प्रदेशभर के अभ्यर्थी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार की स्थापना में हम युवाओं की भूमिका निर्णायक रही। प्रशिक्षित युवाओं ने मोदी की गारंटी के तहत घोषित 57,000 शिक्षक भर्ती पर विश्वास करते हुए भरपूर समर्थन दिया। लेकिन सरकार बनने के बाद यह गारंटी कहीं दिखाई नहीं दे रही। यह प्रशिक्षित युवाओं के साथ स्पष्ट छलावा और विश्वासघात है।

**मोदी गारंटी के अनुरूप 57,000 भर्ती हो: साझा मंच:** साझा मंच ने स्पष्ट किया कि यदि राज्य सरकार वास्तव में शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाना चाहती है, तो केंद्र की मोदी गारंटी के अनुरूप कम से कम 57,000 शिक्षक पदों पर तत्काल भर्ती की घोषणा की जानी चाहिए। मंच ने कहा कि रिक्त पदों का बोझ बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। इतनी बड़ी संख्या में पद खाली होने के बावजूद मात्र 5000 भर्ती की बात करना शिक्षा के साथ मज़ाक है।"

### जायजा : किसानों के लिए व्यवस्थाओं और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान

# आयुक्त ने धान खरीदी और मतदाता सूची अद्यतन का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- एसआईआर कार्य में समयबद्ध और त्रुटिरहित प्रक्रिया के निर्देश

संभागीय आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने नांदघाट और नारायणपुर के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं, धान तौल प्रक्रिया, उपार्जन की पारदर्शिता तथा टोकन वितरण व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी और स्टाफ से धान खरीद की दैनिक प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कमिश्नर राठौर ने यह स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी स्थिति में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में रखा जाए। तौल मशीनें, गुणवत्ता परीक्षण, उपार्जन रजिस्टर एवं भुगतान प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और सुचारू रहें। धान खरीदी के दौरान किसी भी



प्रकार की लापरवाही, विलंब या गलत प्रथा पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। केंद्रों में उपस्थित किसानों से भी आयुक्त ने चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना।

कमिश्नर राठौर ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यही है कि हर किसान को बिना किसी परेशानी के उसका धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए तथा समूची व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित व पारदर्शी बने।

**एसआईआर कार्यक्रम का निरीक्षण :** धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात कमिश्नर दुर्ग शय नारायण राठौर ने नारायणपुर के बूथ क्रमांक 10 का निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2026) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बूथ लेवल ऑफ़िसर से घर-घर सर्वे, मतदाता सूची के अद्यतन कार्य, नए मतदाताओं के पंजीयन तथा डिलीट/शिफ्ट किए जाने वाले रिकॉर्ड के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### कमिश्नर ने दिए आवश्यक निर्देश

कमिश्नर राठौर ने बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी गणना पत्रक (ऐनुमैरेशन फॉर्म्स ) समय से पूर्व एवं शत-प्रतिशत भरे जाएं। किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। बढ़िया समन्वय के साथ क्षेत्र से सटीक डेटा लिया जाए ताकि मतदाता सूची पूरी तरह सुधारित, अद्यतन और त्रुटिरहित हो सके। मतदान केंद्र क्षेत्र में भ्रमण कर पात्र मतदाताओं की जानकारी सही तरीके से संकलित की जाए। कमिश्नर ने यह भी कहा कि एसआईआर का कार्य राष्ट्रीय महत्व का है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, लापरवाही या विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि एसआईआर कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि बूथ स्तर पर सभी दस्तावेज एवं रिकॉर्ड नियमों के अनुसार ही तैयार किए जाएं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बेमेतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

सरकारी नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं से लाखों की उगाही करने वाले दो ठग आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गए। साइबर सेल और सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा की संयुक्त टीम ने इस बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों जीवन कामड़े और जयलाल मरकंडेय को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मामला तब खुला जब ओडिया निवासी रिंकू निर्मलकर (25) समेत विजेंद्र देवांगन, छत्रपाल निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, रुखमणी यादव और होमेश्वर साहू सहित कई लोगों ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें "शासकीय विभागों में पक्की नौकरी दिलाने" का भरोसा देकर एक-एक लाख रुपये, जबकि विजेंद्र से दो लाख रुपये और होमेश्वर साहू से पूरे छह लाख रुपये तक वसूल लिए। इतना ही नहीं, कुछ पीड़ितों को तो यह कहकर पैसे लिए गए कि तुम्हारे



लड़के को सरकारी पदस्थापना दिलवाई जाएगी। लेकिन न नौकरी मिली, न पैसा वापस। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने पंडरिया (कवर्धा) और गंडई-छुईखदान क्षेत्रों में भी लाखों की हेराफेरी की है और पूर्व में जेल भी जा चुके हैं।

**कुल 12 लाख रुपये की ठगी का खुलासा:** जांच में पुष्टि हुई कि दोनों आरोपियों ने मिलकर कुल 12 लाख रुपये की रकम हड़पी है। जिसके बाद पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई तेज कर दी। सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई।टीम ने घेराबंदी कर आरोपी—जीवन ▶▶| शेष पेज 11 पर

# खेतों पर पराली जला रहे अंचल के किसान

### दोहरी फसल लेने के चक्कर में वातावरण को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि प्रधान बेमेतरा ज़िले में फिलहाल धान के फसल की कटाई एवं मिंजाई का दौर जोर-शोर से शुरू हो गया है, इसी बीच ग्रामीण अंचल में किसानों द्वारा फसल कटाई पश्चात फसल के अवशेष व पराली को खेतों पर ही खुलेआम जलाकर आग के हवाले किया जा रहा है, जिससे शाम होते ही ग्रामीण इलाकों में धुएं का धुंध देखने को मिल रहा है। जबकि शासन-प्रशासन द्वारा फसल अवशेष को जलाने पर कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही के प्रावधान के साथ प्रतिबन्ध लगा हुआ है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के किसान



दोहरी फसल लेने की ललक एवं जागरूक के अभाव में शाम ढलते ही खेतो पर बचे-पड़े अवशेष व फसल की ठूंठ को आग के हवाले कर पर्यावरण को प्रदूषित करने का कार्य कर रहे है। बताया जा रहा है कि प्रायः ज़िले के कृषक परिवार खेतो में खरीफ की फसल के बाद रबी की तैयारी शुरू कर देते है जिसमे डबल फसल की चाहत में खेतो पर ही फसल के अवशेष व पराली को जलाकर क्षेत्र के वातावरण को दूषित कर रहे है जो कि बड़ा चिंता का विषय है।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जिले की 5116 माताएं हुईं लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 2.43 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी, नई टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर शुरू

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की हजारों माताओं को सीधा लाभ मिला है। योजना के तहत कुल 5116 पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिन्हें मातृत्व से जुड़ी आवश्यकताओं, पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कुल 2.43 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई।



जिले में पंजीकृत 5116 महिलाओं में से 3909 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में पहली किस्त के रूप में 3000 रुपये, कुल 1,72,27,000 रुपये अंतरित किए गए। यह राशि गर्भावस्था के दौरान पोषण, उचित देखभाल और स्वास्थ्य जांच के लिए महत्वपूर्ण सहारा प्रदान करती है ।इसी वर्ष प्रथम संतान श्रेणी में ही 3209 लाभार्थियों को 2000 रुपये की दूसरी किस्त जारी की गई, जिसके लिए 64,18,000 रुपया का भुगतान किया गया। वही बालिका जन्म को बढ़ावा देने और मातृ स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से द्वितीय संतान (बालिका) अंतर्गत 1031 हितग्राहियों को एकमुश्त 6000 रुपये की राशि प्रदान की गई, जिसके लिए कुल 61,86,000 रुपये अंतरित किए गए। इस तरह वित्तीय वर्ष 2025-26 में बेमेतरा जिले की 5116 महिलाओं को मातृत्व सुरक्षा, पोषण समर्थन, कार्य निषेध अवधि में आर्थिक स्थिरता और स्वस्थ प्रसव को प्रोत्साहित करने 2.43 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। इस योजना से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण सुधार, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोपरांत देखभाल, कार्य के दौरान हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई ल, माँ और शिशु दोनों के स्वास्थ्य में सुधार, जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं, जिससे परिवारों में आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

**नई टोल-फ्री हेल्पलाइन 1515 जारी:** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत या जानकारी के लिए पूर्व में संचालित टोल-फ्री नंबर 14408 को बंद कर दिया गया है। अब इसकी जगह नया टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1515 शुरू किया गया है। इस नंबर पर लाभार्थी सीधे संपर्क कर इस योजन से संबंधित सहायता एवं समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### चार दिवसीय प्रतियोगिता में 8 महाविद्यालयों के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

# कृषि कॉलेज में पश्चिम क्षेत्रीय इंटर-कॉलेज खेल स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया में चार दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय अंतर- महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 26 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अधीनस्थ 8 महाविद्यालयों के प्रतिभागी विभिन्न खेल विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस वर्ष बेमेतरा कृषि महाविद्यालय पहली बार इस बड़े खेल आयोजन की मेजबानी कर रहा है, जिससे महाविद्यालय परिसर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण दिखाई दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आठों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मंचासीन अतिथियों को सलामी दी। उसके बाद मशाल जलाकर मार्च-पास्ट किया गया, जिसने खेल भावना, टीम स्पिरिट और अनुशासन का परिचय दिया।



इसके पश्चात सरस्वती वंदना और पूजा-अर्चना के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

**खेल से मानसिक विकास और आत्मविश्वास होता है मजबूत:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू,पूर्व विधायक एवं पूर्व सदस्य, प्रबंधन, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अवधेश सिंह चंदेल, डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र-कल्याण, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मंच पर उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम के अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ती है, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। यह नशा मुक्ति, स्वस्थ आदतों और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत सहायक है।उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को न्यायपूर्ण खेल की शपथ दिलाई। चूंकि 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाते हुए शपथ दिलाई।

### खेल प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यमः ध्रुव

डॉ. यू.के. ध्रुव ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल युवाओं को जोड़ने, अनुशासन सिखाने और प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने न्यायपूर्ण खेल भावना के साथ भाग लेने का आवाहन किया। आयोजन सचिव डॉ. असित कुमार ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए खेल विधाओं और कार्यक्रम के संचालन के बारे में जानकारी दी। डॉ. संजय शर्मा ने ▶▶| शेष पेज 11 पर

# न्यायालय परिसर में हुआ प्रस्तावना का सामूहिक वाचन और जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास ने संविधान के मूल्यों और कर्तव्यों पर जोर दिया

75 वें संविधान दिवस के मौके पर जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरोज नंद दास द्वारा न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियो, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों, अधिकार मित्र, एलएडीसीएस के कौसिलों की उपस्थिति में सामुहिक प्रस्तावना का पाठन किया गया।

इस दौरान संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान न्यायाधीश द्वारा अपने व्याख्यान में बताया कि संविधान एक लिखित दस्तावेज है



जिसे देश की रीढ़ और राष्ट्रीय चरित्र का मार्गदर्शन कहा जा सकता है. जो किसी देश के संचालन के लिए एक बुनियादी ढांचा प्रदान करता है। यह न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व जैसे मूल सिद्धांतों पर आधारित है। संविधान हमें हमारे मौलिक अधिकार देता है और साथ ही हमारे कर्तव्यों को भी बताता है, जो एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। यह विविधताओं से भरे इस देश को एक सूत्र में पिरोता है, जहाँ हर नागरिक समान कानूनों और नियमों के दायरे में आता है। /"इस संविधान दिवस पर, हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम न केवल संविधान के मूल्यों का सम्मान करें, बल्कि उसके प्रति अपने कर्तव्यों का भी पालन करें। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, हमें अपने संविधान का पालन करना ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### करेला स्वास्थ्य शिविर में 76 ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा करेला में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएसपी की ओर से डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट मनीष कुमार देशमुख, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, बुधेलाल, तथा पंजीयन हेतु राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ रेशमा गुप्ता एवं नर्सिंग स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया। शिविर में 76 ग्रामीण लाभान्वित हुए, जिनमें 26 पुरुष, 42 महिलाएँ, तथा 8 बच्चे शामिल थे। सभी लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवा प्रदान की गईं।

### तालाब सौंदर्यीकरण और मुक्तिधाम के लिए राशि मंजूर

**दुर्ग।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा द्वारा दुर्ग जिले के पाटन नगर पंचायत में चार तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा मुक्तिधाम निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर की गई है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद सूडा द्वारा इन कार्यों की स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सूडा द्वारा पाटन नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 में दुबे डबरी सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 51 लाख 42 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-7 में सरगबुंदिया तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 43 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक-8 में बुद्धु तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 84 लाख 61 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-12 में महामाया तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 99 लाख 31 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### एक्टिवा और कार में टक्कर से तीन घायल

**दुर्ग।** तेज रफ्तार एक्टिवा ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसमें से एक गंभीर रूप से घायल युवक को बीएम शाह अस्पताल रिफर किया गया। ग्राम मटिया अर्जुंदा निवासी प्रार्थी गिरधरलाल साहू रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच जारी है।

# खराब बारदाने की वजह से केंद्रों से मायूस होकर लौट रहे किसान

## ग्राम ढौर जामुल में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली खरीदी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू हुए लगभग 10 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक व्यवस्था पटरी पर नहीं आई है। बहुत से खरीदी केंद्रों में किसानों को ऑफलाइन टोकन नहीं मिल रहा है तो कुछ सोसाइटियां अभी से बारदानों की कमी से जूझ रही हैं। उठाव नहीं होने से धान जाम होने लगा है। ज्यादातर सोसायटी में मिलर द्वारा भेजे गए खराब क्वालिटी के बारदानों से परेशान हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण करने निकले इस दौरान उक्त सारी समस्याओं से किसानों ने अवगत कराया। खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने टोकन लेने किसान परेशान हैं। ऑनलाइन टोकन एप रोजाना सुबह 9.30 बजे खुलता है। 10 से 15 मिनट में ही सारे समितियों के टोकन कट जाते हैं। इसके चलते समितियों से किसानों को मैनुअल टोकन नहीं मिल पा रहा है।

किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में लक्ष्य से आधा भी धान खरीदी नही हो पा रही है। टोकन समस्या राहत पाने तत्काल टोकन लिमिट बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसानों को समस्या न हो। अवलोकन के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष सरोजनी चन्द्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, सुनीता चेनेवार, करीम ख़ान, रामप्यारी वर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ.अशोक वर्मा, कमलेश साहू, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, गोपी निर्मलकर, टनेंद्र ठाकरे, श्रीकांत वर्मा सहित किसान मौजूद थे। किसानों ने जल्द व्यवस्था सुधार की मांग की है।

### धान खरीदी से बचना चाहती है सरकार

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों को धान की कीमत 3,100 रुपये प्रति क्विंटल और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने से बचना चाहती है। जानबूझकर खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थास्था निर्मित की है। इतने दिनों में धान की खरीदी काफी कम हुई है। जो भाजपा सरकार के धान खरीदी में अरुचि को दर्शाता है। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में धान बेचने के लिए 27 लाख 68,000 किसानों ने पंजीयन करवाया है। सरकार का लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का है। पिचके कुछ दिनों में जिस प्रकार से किसानों को टोकन, बारदाना के लिए भटकना पड़ रहा है इससे ऐसा ही लगता है कि भाजपा सरकार किसानों का धान नही खरीदना चाहती।



### रेगुलर कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होने से कार्य मे रुकावट

सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियां के रेगुलर कंप्यूटर ऑपरेटर को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी लगाने के बाद से व्यवस्था और भी चरमरा गई है। किसानों का एग्री स्टेक पंजीयन नहीं हो पा रहा है। ब्याज अनुदान और पीआरपी नही चढ़ पा रहा। एग्रीटेक पंजीयन में किसानों का खसरा नही जुड़ पा रहा है, जिससे धान खरीदी में किसानों को भटकना पड़ रहा है। किसानों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है उल्टे किसान काफी हताश व परेशान हैं।

## वार्ड परिक्रमा : वार्ड 1 में सड़क, नालियां और पानी सबसे बड़ी समस्या

# जुनवानी वार्ड का हाल बेहाल, पार्षद के निधन के बाद सड़क से सफाई तक के हालात बिगड़े

## वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, नागरिक चाह रही समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम के वार्ड 1 जुनवानी में पार्षद के निधन के बाद सड़क, सफाई, पानी और नालियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। वार्डवासी सालभर से मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं, लेकिन शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। वार्ड की ये तस्वीर सिर्फ कागज भर की समस्या नहीं है। एक प्रतिनिधि की कमी पूरे मोहल्ले की जिंदगी रोक दी है। अब सवाल यह है कि इन हालातों पर कब ध्यान दिया जाएगा। और इस वार्ड को उसकी बुनियादी सुविधाएं कब वापस मिलेंगी।

नगर निगम जोन 1 का वार्ड 1 आज हाल से ज्यादा हालात की कहानी बन गया है। विगत 13 अक्टूबर 2024 को पार्षद योगेश साहू का निधन हो गया है। उनके निधन के बाद वार्ड जैसे बेसहारा हो गया। लोगों के सामने रोज की जरूरतें भी संघर्ष बन चुकी हैं। यहां की सड़कें आधी बनी, आधी टूटी पड़ी हैं। सतनामी मोहल्ला में हाल और खराब है। सड़क अधूरी छोड़ दी गई, पानी की सप्लाई अनियमित है और सरकारी नल अक्सर सूखे रहते हैं। मुश्किल बढ़ती है तो लोग खुद ही जुगाड़ में लग जाते हैं. वार्डवासी लंबे समय से एक सामुदायिक भवन की मांग कर रहे हैं। जवाब में जनप्रतिनिधियों से सिर्फ भरोसे मिले, काम नहीं। साप्ताहिक बाजार की जगह पर कचरा हमेशा ढेर बनकर पड़ा रहता है। कोई देखने वाला नहीं।





### जुनवानी से खम्हरिया की सड़क जर्जर

जुनवानी से खम्हरिया की सड़क इतनी जर्जर है कि लोग मजबूरी में रोज खतरा उठाकर गुजरते हैं। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए है। नालियों का हाल सालों से वही है। सफाई नहीं, पानी सड़क पर। बड़े नालों में जलकुंभी उग आई है। यह साफ दिखाता है कि वार्ड को देखभाल की जरूरत है और वह भी तुरंत। पिछले लंबे समय से वार्ड में समस्याएं बनी हुई है। समाधान नहीं हो पा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों से शिकायत पर नहीं बदले हालात

पार्षद नहीं, जिम्मेदारी नहीं। यही स्थिति आज वार्ड 1 के लोगों की सबसे बड़ी समस्या है। वार्डवासी नेता और विधायक तक कई बार अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन हालात नहीं बदले। लोग कहते हैं कि शिकायत तो करते हैं, पर सुनने वाला कोई नहीं आता। सतनामी मोहल्ला के महिलाओं ने बताया कि पानी बोर और सड़क निर्माण को लेकर वैशालीनगर विधायक को भी ज्ञापन दिए थे, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

### साप्ताहिक सब्जी बाजार में गंदगी खरीदार और दुकानदार दोनों परेशान

स्थानीय निवासी गोलू देशलहरे ने बताया कि



जुनवानी चौक पर हर हफ्ते सब्जी बाजार लगता है। यहां खरीदारी करने वालों की संख्या काफी ज्यादा रहती है, लेकिन जगह की सफाई की हालत ठीक नहीं है। जिस स्थान पर बाजार लगता है, वहां पहले से ही गंदगी पसरी रहती है। भीड़ बढ़ने पर हालात और बिगड़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत की गई लेकिन सफाई का काम नियमित नहीं होता। खरीदार और दुकानदार दोनों को बदबू और गंदे माहौल में घंटों रहना पड़ता है। लोगों की मांग है कि बाजार लगने से पहले और बाद में साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए।

### सामुदायिक भवन की मांग तेज, आयोजनों में लोगों को दिक्कत

गोलू पुरानिक ने बताया कि सतनामी मोहल्ला आज



भी सामुदायिक भवन से वंचित है। किसी भी तरह का सामाजिक या पारिवारिक आयोजन होना हो तो लोगों को जगह ढूंढने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार मजबूरी में छोटे कार्यक्रम भी खुले में करने पड़ते हैं। गोलू का कहना है कि मोहल्ले की आबादी बढ़ चुकी है, ऐसे में सामुदायिक भवन अब जरूरत से ज्यादा जरूरी हो गया है। रहवासी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द सुनवाई करे और यहां एक व्यवस्थित सामुदायिक भवन बनाया जाए, ताकि सभी कार्यक्रम बिना परेशानी के हो सकें।

### अधूरी सड़क और पानी की किल्लत, रहवासी परेशान

तुलेश्वरी साहू ने बताया कि उनके मोहल्ले में



सड़क आधी बनाकर छोड़ दी गई है। बाकी हिस्सा कच्चा पड़ा है, जिससे बारिश के दिनों में लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है। गाड़ियां फंसती हैं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को दिक्कत उठानी पड़ती है। यहां पानी की समस्या भी लगातार बनी रहती है। नल में पानी नहीं आया तो लोग पीने के पानी के लिए दूसरे मोहल्लों में जाने मजबूर हो जाते हैं। तुलेश्वरी साहू ने बताया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन हालात जैसे थे वैसे ही खड़े हैं। रहवासियों की मांग है कि सड़क जल्द पूरी हो और पानी की नियमित व्यवस्था बनाई जाए।

# आत्मनिर्भरता का लिया संकल्प, स्वदेशी सामानों के उपयोग का दिया गया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एसएनजी स्कूल में आयोजित

भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के पूरब मंडल के सेक्टर 4 में स्थित एसएनजी विद्यालय के सभागार में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक एवं मुख्य अतिथि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भिलाई जिला के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश बिजपुरिया, वीरेंद्र साहू, शिरीष अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री तुलसी साहू, संजय दानी, बुध्धन सिंह ठाकुर, चन्ना केशवलु, पूनम शुक्ला, स्वीटी कौशिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल एवं सुषमा जेठानी ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक विजय जायसवाल जी के द्वारा रखा गया। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब आत्म से है चाहे आर्थिक रूप से हो भौतिक रूप से या फिर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से हो। भारत आज रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण के बल पर आत्मनिर्भर बन रहा है। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशीकरण से सेना में आधुनिकीकरण को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। प्रेमप्रकाश पांडेय ने आगे कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान हम दूसरे देशों के सेटेलाइट पर निर्भर थे। पर आज हम दूसरे देशों को सेटेलाइट दे रहे हैं। कल तक हमें सेना में छोटे छोटे हथियारों के लिये दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, आज हम कई देशों को टेंक से लेकर मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम तक दे रहे हैं। इसे ही आत्मनिर्भरता कहते हैं। डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी ने कहा कि जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो सिर्फ एक सामान नहीं खरीदते, बल्कि एक कारीगर की मेहनत का सम्मान करते हैं। एक परिवार की आजीविका बचाते हैं। और अपने देश की अर्थव्यवस्था को शक्ति देते हैं। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि लोकल फ़ॉर वोकल केवल एक आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है, जहां हम अपने देश के स्वाभिमान, संस्कृति और कौशल को आगे बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में शैलेन्द्र सिंह, मनोज तिवारी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू, तिलक राज आदि मौजूद थे।

# एसआईआर में विसंगति, मतदाताओं का नहीं दिया जा रहा प्रारूप, शिकायत

- आप ने मुख्य निर्वाचन आयोग को कराया अवगत

**दुर्ग।** मतदाता पुनरीक्षण कार्य एसआईआर में बड़ी लापरवाही सामने आ रही है, जिन मतदाताओं का नाम किन्हीं कारणों ने मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है या जो अन्यत्र दूसरे जगह शिफ्ट कर गए हैं, उन्हें प्रारूप नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं जिन मतदाताओं को 2003 का रिकॉर्ड नहीं मिल पा रहा है, वे भी खासे परेशान हैं। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयोग से मामले की शिकायत की है। संगठन के प्रदेश महासचिव वदू आलम ने एसआईआर का कार्य 6 महीने तक बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर तक जानकारी जुटाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा लोगों के पास नियमों की सही जानकारी भी नहीं है। पूरी प्रक्रिया में भारी अनियमितता है। वर्तमान समय सीमा अव्यावहारिक है। आदिवासी क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण अभी भी अत्यंत धीमा है। बीएलओ को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिला है। दिशा-निर्देश स्पष्ट नहीं हैं। कई स्थानों पर अनावश्यक दस्तावेज़ मांगें जा रहे हैं, जिससे नागरिकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की समय सीमा 4 दिसंबर तक रखी गई है, जो बेहद ही कम है। पीछे से लाखों फर्जी वोटरों के नाम जोड़ने का एक बड़ा षड्यंत्र नजर आ रहा है। इतने कम समय सीमा पर यह कार्य सम्पूर्ण नही हो सकता इसलिए निर्वाचन आयोग से आम आदमी पार्टी की मांग है कि इसकी समय सीमा अतिरिक्त 6 माह बढ़ाई जाएं। इसे लेकर शिकायत की गई है।

# लाइसेंस शिविरों में उमड़ी भीड़, एक दिन में 560 पंजीयन और 62 लाइसेंस हुए जारी

**दुर्ग।** दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत लाइसेंस और वाहन



दस्तावेज शिविरों की श्रृंखला शुरू की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में लगाए गए इन शिविरों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सीधे विभागीय सेवा उपलब्ध कराना और बिचौलियों पर रोक लगाना है। यह अभियान 24 नवंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर तक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया जाएगा। 24 नवंबर को धमधा थाना क्षेत्र में आयोजित शिविर में लर्निंग लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, नवीनीकरण और वाहन दस्तावेजों की ऑन स्पॉट प्रक्रिया की गई। एक ही दिन में 560 नए पंजीकरण और 62 ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुए। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी की कमी के कारण जो लोग लाइसेंस नहीं बनवा पाते थे, अब उन्हें मौका मिल रहा है। वहीं धमधा, स्मृति नगर और जामुल में 24 और 25 नवंबर को चलाए गए शिविरों में कुल 260 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। ट्रैक्टर चालकों ने भी बड़ी संख्या में लाइसेंस के लिए आवेदन दिया। साथ ही एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए भी कई लोगों ने आवेदन किया।

# बकाएदारों पर निगम का शिकंजा, लाखों की राशि निगम कोष में जमा, चलेगी मुहिम

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा जल कर वसूली को लेकर चलाए जा रहे अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। लगातार बढ़ते बकायों को देखते हुए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व विभाग को सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत मंगलवार को निगम राजस्व टीम विभिन्न वार्डों में पहुंची और बकाया राशि नहीं जमा करने वालों के नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई शुरू की। अभियान के अंतर्गत उप-राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा एवं उनकी टीम ने वार्डों का निरीक्षण करते हुए बकायेदारों को नोटिस दिया। भुगतान के लिए बाध्य किया। इस दौरान कई नागरिकों ने तुरंत कर राशि जमा कर निगम कोष में सहयोग दिया। सबसे पहले वार्ड क्रमांक 32 में पुष्पा देवी पति उम्मेद चंद जैन द्वारा 41,517 की राशि चेक के माध्यम से जमा की गई, जिससे उनके जल-कर का लंबित भुगतान साफ हुआ। वार्ड 34 में सुंदर फगुवा द्वारा 10,480 नगद राशि बकाया कर के रूप में जमा कराई गई,



जो नल कनेक्शन काटे जाने की नोटिस के बाद दी गई। प्रहलाद साहू ने भी 18,337 की राशि नगद में जमा कर निगम की कार्यवाही से राहत पाई। निगम ने कहा कि जो उपभोक्ता बार-बार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं करेंगे, उनके नल कनेक्शन बिना किसी अतिरिक्त सूचना के विच्छेदित कर दिए जाएंगे। अभियान को आने वाले दिनों में और अधिक तेज गति देने की तैयारी है। राजस्व अधिकारी लगातार वार्डों में पहुंचकर उन उपभोक्ताओं की सूची बना रहे हैं जिनका भारी बकाया है।

## मनरेगा के अंतर्गत विशेष ट्रेंच पौधरोपण तकनीक अपनाई जा रही

# नई तकनीक से लिटिया की बंजर जमीन में आई हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- शासन से मिल रही आर्थिक मदद और पौधे

विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत लिटिया की वर्षों से पड़ी बंजर भूमि अब हरी-भरी हरियाली में तब्दील हो चुकी है। यह परिवर्तन महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत अपनाई गई विशेष ट्रेंच वृक्षारोपण तकनीक के कारण संभव हुआ है, जिसने गांव की सूखी और अनुपयोगी जमीन को नया स्वरूप प्रदान किया है।

ग्राम सभा के प्रस्ताव के अनुसार लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में 1400 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें नीम, आंवला और बादाम के पौधे शामिल हैं। पहले यह भूमि असमान सतह, मिट्टी कटाव, वर्षा जल के तेज बहाव और अवैध कब्जे की संभावना के कारण अनुपयोगी बनी हुई थी और साधारण रोपण में पौधे जीवित नहीं रह पाते थे। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेंच विधि अपनाई गई, जिसमें प्रत्येक पौधे के पास गहरी और चौड़ी खाइयाँ बनाकर वर्षा जल को रोकने, मिट्टी की नमी बनाए रखने और जड़ों को मजबूती देने का प्रबंध किया गया। इस तकनीक से जमीन की गुणवत्ता में सुधार हुआ, पौधों की जड़ें गहराई तक विकसित हुईं और गर्मी के मौसम में भी वे सुरक्षित रह सके। साथ ही भूमि कटाव पर पूरी तरह रोक लगी और भू-जल स्तर में वृद्धि का सकारात्मक प्रभाव देखा गया।

### 15वें वित्त आयोग से राशि स्वीकृत

ग्राम पंचायत की सरपंच पांचो बाई बंजारे और सचिव मिथलेश यादव के नेतृत्व में पौधों की नियमित निगरानी, सिंचाई, खाद और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त पचास हजार रुपये की राशि से पंपलाइन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। मनरेगा मजदूरों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों ने इस परियोजना को सामुदायिक स्वरूप दिया, जिससे न केवल खाली भूमि सुरक्षित हुई, बल्कि गांव की जैव विविधता में वृद्धि भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि वृक्षारोपण से गांव में हरियाली बढ़ रही है और पशु-पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास भी विकसित हो रहा है।



### 1400 पौधे लगाए गए

परियोजना के अंतर्गत 1400 पौधों का रोपण, 2304 मानव दिवसों का सृजन, दस लाख अठारह हजार एक सौ सत्तासी रुपये की मजदूरी व्यय, चार लाख सड़सठ हजार नौ सौ छियानबे रुपये की सामग्री लागत तथा कुल 426 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। ट्रेंच तकनीक से किया गया यह वृक्षारोपण कार्य पर्यावरण संरक्षण, भूमि सुधार, जल संचयन और रोजगार उपलब्ध कराने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। ग्राम पंचायत लिटिया ने बंजर भूमि को हरी-भरी हरियाली में बदलकर मनरेगा के सकारात्मक प्रभाव को सिद्ध किया है।

# पीएससी चयनित अभ्यर्थियों का एसएसपी ने किया सम्मान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की चयन सूची में सफलता पाने वाले दुर्ग जिले के अभ्यर्थियों को एसएसपी विजय अग्रवाल ने सम्मानित किया। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में चयनित उम्मीदवारों को पुष्पगुच्छ और दुर्ग पुलिस का मोमेंटो दिया गया। गौरतलब हो कि पीएससी में दुर्ग जिले ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। देवेश साहू ने पहली रैंक हासिल की, स्वप्निल वर्मा दूसरी रैंक पर रहे और यशवंत देवांगन को तीसरा स्थान मिला। तीनों का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। इसके अलावा राजेश साहू डीएसपी, कनक प्रभा सिंह सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग, खुशबू जानी लेखा अधिकारी, भूपेंद्र जंघेल वाणिज्य कर निरीक्षक, और प्रवीण, मिथिलेश नेताम, आनंद स्वर्णकार आबकारी उप निरीक्षक पद पर चयनित हुए हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए और फील्ड में काम करने के लिए जरूरी सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि लोकसेवा आयोग से चयनित होना बड़ी जिम्मेदारी है और जनसेवा को प्राथमिकता देना ही असली लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम में एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर, एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, एएसपी पद्मश्री तंवर, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, एसडीओपी धमधा अलेक्जेंडर किरो, डीएसपी आकर्षि कश्यप, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बेमेतरा में मतदाता सूची अद्यतन कार्य पर फसल और शादियों का साया

## धान कटाई और मिसाई के व्यस्त सीजन में बीएलओ घर-घर नहीं पहुंच पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इन दिनों संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य धान कटाई के व्यस्त सीजन और शादी-ब्याह के माहौल के बीच एक बड़ी चुनौती बन गया है। एक तरफ जहां किसान अपनी साल भर की मेहनत की कमाई, यानी धान की फसल को सहेजने और समर्थन मूल्य पर बेचने की व्यवस्था में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर घूमकर भी मतदाताओं को तलाश नहीं पा रहे हैं। 4 दिसंबर तक एसआईआर का काम पूरा करने की समय सीमा बीएलओ और किसानों, दोनों के लिए समय की कसौटी बन गई है। वर्तमान में किसानों की सबसे बड़ी प्राथमिकता धान की कटाई और मिसाई है। किसान सुबह से शाम तक खेतों में हार्वेस्टर, ट्रैक्टर और खलिहान में व्यस्त हैं। इसके तुरंत बाद उन्हें सहकारी समितियों में धान बेचने की प्रक्रिया में लगना है।

इसी वजह से मतदाता अपने घर पर बीएलओ को नहीं मिल पा रहे हैं। बीएलओ जिस समय फॉर्म जमा करने या सत्यापन के लिए घर पहुंचते हैं, उस समय मतदाता खेत पर होते हैं। इस समय के बेमेल ने एसआईआर के कार्य की गति को धीमा कर दिया है।

### एन्युमरेशन फॉर्म भरने में बड़ी दिक्कतें

ग्रामीण और अपेक्षाकृत कम पढ़े-लिखे मतदाताओं के लिए एन्युमरेशन फॉर्म भरना भी एक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। बीएलओ द्वारा घर-घर में फार्म तो वितरित कर दिए गए हैं, लेकिन मतदाताओं को यह समझ नहीं आ रहा कि इसे सही तरीके से कैसे भरा जाए। जानकारी के अनुसार, जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ मतदाताओं को दो प्रतियों के बजाय सिंगल एन्यूमरेशन फार्म ही वितरित कर रहे हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एक प्रति बीएलओ अपने पास सही जानकारी भरने और पावती देने के लिए रख सकें, क्योंकि ग्रामीण मतदाता स्वयं गलती कर सकते हैं।

### शादियों का सीजन बनी नई चुनौती

धान कटाई के बाद अब जिले में शादियों का सीजन चल रहा है। इस साल कम लग्न होने के कारण गिने-चुने शुभ मुहूर्त में अधिक शादियां हैं। किसान और उनके परिवार शादी- समारोहों में व्यस्त भी है। बीएलओ पहुंच रहे परंतु उनके पास एन्युमरेशन फॉर्म भरने के लिए पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं होते हैं। किसानों की प्राथमिकता अपनी फसल को सहेजने की है, जिससे वे मतदाता सूची से जुड़े जटिल और तकनीकी दस्तावेजीकरण पर तुरंत ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।



### वोटर लिस्ट में ईपीआईसी नंबर का संकट

एसआईआर के कार्य में एक बड़ी तकनीकी बाधा ईपीआईसी नंबर को लेकर आ रही है। जिले में ऐसी बहुओं को फॉर्म भरने में विशेष दिक्कत आ रही है, जो 2003 के बाद ससुराल आई है। उन्हें अपने माता-पिता के वोटर आईडी कार्ड मंगाने पड़ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कई पुरानी वोटर लिस्ट में, खासकर बहुओं के माता-पिता की सूची में ईपी आईसी नंबर दर्ज नहीं है। निर्वाचन विभाग के पोर्टल पर भी सूची खोजने में मतदाताओं को यही दिक्कत आ रही है।

---

## खबर संक्षेप

### बीएसपी के वित्त व लेखा विभाग की नेशनल पेंशन पर कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त और लेखा विभाग द्वारा को बीआईटी परिसर में नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्देश्य कर्मचारियों को बदलते पेंशन परिदृश्य, एनपीएस के फ्रेमवर्क तथा हाल ही में किए गए सुधारों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के एनपीएस विंग के विशेषज्ञों ने एनपीएस की आवश्यकता, इसके लाभ, नवीन प्रावधानों एवं दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा में इसकी भूमिका पर जागरुक किया।कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार विशिष्ट अतिथि थे। विभिन्न विभागों के 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ संगम कार्यक्रम



**भिलाई।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, नया खुर्सीपार में शुक्रवार को 'सप्तशती संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नया खुर्सीपार की प्राचार्या प्रीति गुप्ता ने की। विशेष वक्ता के रूप में डॉ. ब्रिजलता शर्मा सहायक प्राध्यापक, भौतिक विज्ञान, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग एवं बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति तथा मुख्य वक्ता वर्षा चंद्राकर योग प्रशिक्षिका एवं संघ कार्यवाहिणी, संतोषी पर कैम्प-1 उपस्थित रहीं। डॉ. ब्रिजलता शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय दृष्टिकोण से कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर गहन प्रकाश डाला। इसके बाद महिलाओं के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, लोगों ने कराया चेकअप, मिली दवाएं



**भिलाई।** सर्व समाज कल्याण समिति एवं बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड-1, जुनवानी भिलाई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ लिया। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों का कुशलक्षेम जाना तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षित संचालन को बढ़ावा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एम एंड यू संगठन द्वारा सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करने प्लांट गैरेज ऑपरेटरों के लिए अर्थ मूविंग इक्विपमेंट (ईएमईएस), हाइवा, टिपर एवं अन्य भारी वाहनों के सुरक्षित संचालन पर आधारित क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहरा थे। क्विज़ विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों नियमित एवं ठेका ऑपरेटरों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बेहरा ने भारी मशीनों के दैनिक संचालन में सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने ऑपरेटरों से प्री-ऑपरेशनल चेक का सही क्रियान्वयन, स्पीड लिमिट का पालन, सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखने जैसी आदतों को मजबूती से अपनाने का आग्रह किया।

---

**आयोजन :** तार्किक प्रश्न हल करने और समय प्रबंधन की तकनीकें सिखाई

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल ने छात्रों को परीक्षा और करियर मार्गदर्शन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को व्यावहारिक टिप्स और मार्गदर्शन मिला

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् व लेखक डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल का आगमन हुआ उन्होने कामर्स संकाय के ग्यारहवीं एवं बारहवीं के 237 छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन दिया वही आगामी परीक्षाओं पर महत्वपूर्ण बिंदुओं को साझा किया जो की छात्र-छात्राओं के लिए सहायक सिद्ध होंगे।

मुख्यतः उन्होने तार्किक प्रश्नों तथा वैकल्पिक प्रश्नों को हल करने संबंधी तकनीक को छात्रों को बताया कि वे किस तरह इन प्रश्नों को आसानी से एवं सटीकता से कम समय में हल कर सकते है। इसी प्रकार उन्होने अपने व्याख्यान के माध्यम से कठिन परिश्रम, लक्ष्य निर्धारण जैसे सकतें महत्वपूर्ण बिदुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार उन्होंने परीक्षा में उत्तर पुस्तिका लिखते समय लेखन को शैली के साथ साथ समय का ध्यान कैसे रखा जाए इस पर पर बल दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा भी करियर संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए जिनका समाधान डॉ गुरमीत सिंह द्वारा बहुत ही उम्दा तरीके से दिया गया एवं भविष्य को उज्वल बनाने हेतु अनेक टिप्स दिए गए। उनके ज्ञान और अनुभव की स्पष्ट झलक उनके व्याख्यान में नजर आ रही थी। ज्ञात हो कि डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल द्वारा अनेक पुस्तकें लिखी गई है जो पुस्तकें केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में उपयोग की जा रही है। उनके विशेष रूप से प्रचलित पुस्तक 'डबल एंट्री बूक किपिंग' ग्यारहवीं और बारहवीं मे प्रायः सीबीएसई विद्यालयों मे संचालित हैं छात्र-छात्राओं ने उनसे अपने – अपने पुस्तक में स्मरणीय हस्ताक्षर करवाया।

### विद्यार्थियों को मिला महत्वपुर्ण मार्गदर्शन

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने अपने संदेश मे कहा कि, डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल जैसा अनुभवी एवं विद्वान व्यक्तित्व विद्यालय में आकर छात्रों को मार्गदर्शन दें, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आज छात्रों ने न केवल परीक्षा की तकनीकें सीखी, बल्कि जीवन एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण दृष्टिकोण भी प्राप्त किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि आज के इस सेमीनार में डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल द्वारा मार्गदर्शन एवं परीक्षा के जो टिप्स दिए गए है आगामी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण होंगे।

### डॉ. ग्रेवाल ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन

डॉ. गुरमीत सिंह ग्रेवाल ने यह बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि विद्यार्थियों द्वारा उनकी लिखी पुस्तकों का अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने ही द्वारा रचित 'डबल एंट्री बुक कीपिंग' को छात्रों के हाथों में देखकर उन्हें अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हुआ। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि बेमेतरा में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के माध्यम से छात्रों को उनके उज्वल भविष्य संबंधी वर्ल्ड क्लास मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है जो उन्हें उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए अत्यावश्यक एवं उपयोगी है, उनके द्वारा लिए गये इस सेमीनार में छात्र स्वयं को लाभान्वित एवं प्रोत्साहित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मै विभिन्न स्कूलों मे जाता हूँ लेकिन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों मे रोचकता देखकर मैं बहुत ही प्रभावित हुआ। विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने छात्रों के बीच कहा कि यह सेमिनार वास्तव में विद्यार्थियों को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को योजनाबद्ध अध्ययन, सतत अभ्यास और समय के कुशल प्रबंधन को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा कि डॉ. ग्रेवाल का मार्गदर्शन छात्रों को आत्मविश्वास, लक्ष्य-सचेतता और मेहनत की सही दिशा प्रदान करता है।

---

# स्वदेशी संकल्प यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश: बेमेतरा में होगा भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 21 दिसंबर तक प्रदेश के 2500 किलोमीटर का ऐतिहासिक भ्रमण
- स्थानीय व्यापार को नई ऊर्जा देगा 'वोकल फॉर लोकल' का जनआंदोलन, 28 को बाइक रैली

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रवेश को लेकर रामा होंडा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वदेशी संकल्प यात्रा प्रभारी राजेन्द्र खाटवानी,कैट प्रदेश कार्याध्यक्ष विक्रम सिंहदेव तथा प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर बजाज शहर पहुंचे।

इस दौरान बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का छत्तीसगढ़ में प्रवेश गुरुवार, 27 नवम्बर को होगा वही यह यात्रा 21 दिसंबर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण करते हुए 2500 किलोमीटर की ऐतिहासिक यात्रा पूरी करेगी। यात्रा की शुरुआत आज 27 नवम्बर की सुबह 11:30 बजे गुरुद्वारा चौक राजनांदगांव से भव्य समारोह के साथ होगी। यात्रा राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, मुंगेली, महासमुंद, बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, बालोद, रायपुर, दुर्ग सहित कई जिलों में पहुंचेगी। यात्रा के दौरान व्यापारी सम्मेलन, उद्योग जगत से बैठकें, युवाओं के प्रेरक सत्र, स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शनी, रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि स्वदेशी संकल्प यात्रा मात्र आयोजन नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता और भारत की उद्यमी भावना को जगाने का राष्ट्रीय संदेश है। यात्रा का मुख्य उद्देश्यः स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, स्थानीय व्यापार और उद्योग को मजबूती, युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन, छोटे एवं मध्यम व्यापार की सुरक्षा, वोकल फॉर लोकल को विशाल जनआंदोलन बनाना है।

### शहर में 28 नवंबर पहुंचेगी यात्रा, होगा भव्य स्वागत कार्यक्रम

जानकारी देते हुए बताया गया कि बेमेतरा जिला मुख्यालय के नवागढ़ चौक पर दोपहर 2:00 बजे यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात एक बाइक रैली नवागढ़ चौक से शुरू होकर भारत माता चौक पहुंचेगी, जहाँ एक गरिमामय मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा। रैली आगे शहर के सदर रोड – शीतला मंदिर – भद्रकाली मंदिर – नवीन बाजार – प्रताप चौक – सिग्नल चौक होते हुए पीजी कॉलेज पहुँचेगी, जहाँ यात्रा का औपचारिक समापन समारोह होगा। इस कार्यक्रम में समाधान कॉलेज एवं सृजन आईटीआई के युवा विद्यार्थी भी उत्साहपूर्वक शामिल होंगे।

### ये रहे उपस्थित

यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदित्य राजपूत, समाजसेवी नीतू कोठारी, केशव मोटवानी, अनिल माहेश्वरी, राजू देवांगन, चन्दन सोनी, विजय सुखवानी, अवधेश पटेल, तुकेश्वर वर्मा, विकास तम्बोली, अमरीका निर्मलकर, मनोज बख्शी, प्रनीश रजक, अजय ठाकुर, संजय जैन, राजकुमार चौहान, सती सेन, युगल देवांगन सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

**खेल परिसर अब ट्रैक्टर-ट्रॉली और बोरों से भरा, ग्रामीण और खिलाड़ी नाराज**

# मुरता मिनी स्टेडियम बना धान खरीदी केंद्र खेल थमा, खिलाड़ी परेशान








हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

यह किसी गांव की नहीं, एक सच्चाई की कहानी है—जहां खेल प्रतिभाओं को उड़ान देने के लिए लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया मिनी स्टेडियम आज धान खरीदी केंद्र में बदल चुका है। मुरता का यह स्टेडियम, जो कभी खिलाड़ियों के सपनों का केंद्र था, अब धान के बोरे और ट्रैक्टर-ट्रॉली से अटा पड़ा है। नतीजा—खिलाड़ियों को टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए श्मशान घाट के पास स्थित वैकल्पिक मैदान का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य न सिर्फ चौंकाने वाला था, बल्कि खेल प्रेमियों के दिलों को भी कचोट गया।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुरता ने पिछले पाँच सालों से स्टेडियम को धान खरीदी केंद्र बना रखा है। मैदान में जहां गेंद उछलनी चाहिए, वहां अब धूल, गड्ढे और बोरों के ढेर दिखाई देते हैं।

रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी निभाने के बजाय स्टेडियम को यूं ही जर्जर छोड़ दिया गया है। खिलाड़ियों का कहना है—जगह नहीं, खेल का जुनून है पर हम जाएँ तो जाएँ कहाँ? श्मशान घाट के पास खेलने का अनुभव उन्हें आज भी खटक रहा है।

### धूल और बारिश से स्टेडियम का हाल-बेहाल

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश और धूल दोनों ने स्टेडियम की हालत और बदतर कर दी है। बैठने की व्यवस्था टूट चुकी है, चारदीवारी जगह-जगह से धंस चुकी है और मैदान पूरी तरह से असमतल हो गया है। अब स्थानीय समुदाय खुलकर आवाज उठा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि स्टेडियम अगर धान खरीदी केंद्र ही बनना था, तो लाखों की जनता की गाढ़ी कमाई क्यों लगाई गई? इस मुद्दे ने सोशल मीडिया पर भी आग पकड़ी है। लोग प्रशासन से सवाल पूछ रहे हैं और खेल सुविधाओं की अनदेखी पर नाराजगी जता रहे हैं।

**ग्रामीणों ने की कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की तैयारी:** ग्रामीणों ने जल्द ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर ली है। खिलाड़ियों और युवाओं की एक ही मांग— स्टेडियम को उसके असली मकसद के लिए वापस किया जाए खेल हमारी पहचान है, भंडारण नहीं। अब नज़रें प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या मुरता का स्टेडियम फिर से गेंद और बल्ले की आवाज़ से गूंजेगा, या धान के बोरों के बोझ तले ही दबा रहेगा।

### प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में नंदिनी लाइमस्टोन माइंस भिलाई इस्पात संयंत्र में माइन्स एनवायरमेंट एंड मिनरल कंजर्वेशन वीक मनाया गया। इस वर्ष आयोजन के मुख्य विषय उत्तरदायी खनन था, जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक खनन, संसाधनों के संतुलित उपयोग परजोर दिया गया। खनन क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीक, हरित पहल, धूल-नियंत्रण उपाय तथा सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम शामिल थे।

---

# भारत के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, नया खुर्सीपार में सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नया खुर्सीपार की प्राचार्या प्रीति गुप्ता ने की। विशेष वक्ता के रूप में डॉ. ब्रिजलता शर्मा सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग एवं बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति तथा मुख्य वक्ता वर्षा चंद्राकर योग प्रशिक्षिका एवं संघ कार्यवाहिणी संतोषी पारा कैम्प-1 उपस्थित थीं। डॉ. ब्रिजलता शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय दृष्टिकोण से कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर गहन प्रकाश डाला। इसके बाद महिलाओं के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ। विशिष्ट माताओं के सम्मान सत्र में समाजसेवा में संलग्न पुत्रों की माताओं संगीता शर्मा, रत्ना मिश्रा तथा संयुक्त परिवार का सफल संचालन करने वाली महिलाओं को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

---

**आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने ली समीक्षा बैठक**

# महिला अपराधों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- दिसंबर तक लंबित मामलों में अधिकतम प्रगति का लक्ष्य



दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने आईटीएसएसओ पोर्टल से जुड़े मामलों की प्रगति की रेंज स्तरीय समीक्षा की। बैठक में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित जांच और समय पर चालान पेश करने पर खास जोर दिया गया।

आई जी रामगोपाल गर्ग ने ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अदालत में चालान निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएं और सभी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता देकर निपटाया जाए। लक्ष्य दिसंबर माह तक लंबित मामलों में अधिकतम प्रगति सुनिश्चित करना है।

बैठक में आईटीएसएसओ पोर्टल की प्रक्रिया, केस ट्रैकिंग, और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर, डीएसपी दुर्ग शिल्पा साहू, डीएसपी बेमेतरा कौशल्या साहू, उपनिरीक्षक राजकुमार प्रधान, एएसआई सीता गोस्वामी और पुलिस पीआरओ प्रशांत शुक्ला सहित अधिकारी मौजूद थे।

---

## पेज 9 के शेष

### नौकरी दिलाने के नाम ..

कामड़े (54 वर्ष), निवासी टिकरीपारा छुईखदान एवं जयलाल मरकंडेय (34 वर्ष), निवासी अतरगढ़ी, थाना बेरला को 25 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

**पुलिस टीम ने निभाई अहम भूमिकाः** इस कार्रवाई में निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि जितेंद्र कश्यप, आरक्षक जयकिशन साहू, संतोष धीवर, पुरुषोत्तम कुम्भकार सहित साइबर सेल व सिटी कोतवाली की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने अपील की– सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर किसी को भी पैसे न दें। ऐसे मामलों में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### न्यायालय परिसर में हुआ ...

चाहिए और संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

**संविधान का प्रस्तावना का हुआ वाचनः** इस दौरान संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा, से लीगल एड डिफेंस कौंसिलो, अधिकार मित्रों एवं तालुका विधिक सेवा समिति, साजा द्वारा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में कानूनी जागरूकता और सहभागिता बढ़ानें के लिए संवैधानिक सिद्धांतों पर प्रश्नोत्तरी गतिविधि का भी आयोजन किया गया, सामूहिक संविधान का प्रस्तावना का पाठन किया गया। इसके अतिरिक्त जिला जेल बेमेतरा में संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम व चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता विचाराधीन बंदियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनिता कोशिमा रावटे द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### कृषि कॉलेज में पश्चिम ....

अपने संबोधन में छात्रों को समझाया कि खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की नींव है। खेल जीवन में एकता, अनुशासन और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण भावनाएँ विकसित करता है। श्री अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि जीवन में पढ़ाई जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही खेल भी महत्वपूर्ण है। एक उद्देश्यपूर्ण जीवन और सकारात्मक सोच व्यक्ति को हर परिस्थिति में मजबूत बनाती है। डॉ. जितेंद्र सिन्हा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी, मुंगेली ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रतिकूल परिस्थितियाँ ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाती हैं।

## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत चंवरढाल में जय श्री कृष्ण ग्राम संगठन की 10 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जनपद सदस्य मंजू चंदेल, हंसा सिन्हा, नीति शर्मा, गिरीजा तारम, मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन, देवशरण वर्मा, गौतम सेन, सेवकराम कोर्राम, शोभा राम साहू, संजू राम साहू आदि उपस्थित थे।

### मितानिनों का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत भैंसरा में मितानिन सम्मान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर मितानिन दीदियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। ग्राम की सभी मितानिनों का सरपंच उतरा उईके ने साल एवं श्री फल से सम्मान किया। इस मौके पर सरपंच उतरा उईके ने मितानिनों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वह स्वास्थ के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं दे रही हैं। सचिव केदान सिन्हा ने मितानिनों की कार्यों की सहारना करते हुए कहा कि वह घर घर जाकर महिला, बच्चों, गर्भवती माताएं की देखभाल करने के साथ स्वास्थ्य की जांच कर लोगों को बचा रही है। कार्यक्रम में मितानिन ऊषा खुसरो, हेमलता भालेकर, अमरीका वर्मा, तामेश्वरी, कांतिबाई, बिंदुबाई, लोकेश्वरी, तिजियाबाई, खुशबू वर्मा, तिलेश्वरी साहू, भवानी शंकर, भुखन, पुष्पादेवी निर्मलकर, कामेश भालेकर, प्रभु सोनवानी, जगदीश विश्वकर्मा, फाग सिंग सहित अन्य शामिल हुए।

### लाखों का चावल गायब

**डोंगरगढ़।** शहर में संचालित राशन दुकानों के चांवल स्टॉक में गड़बडी थमने का नाम नहीं ले रही है। शहर की कई राशन दुकानों के बचत चांवल को बेच दिया गया है किन्तु दुकानों में स्टॉक होना बताया जा रहा है जबकि दुकानों की गोदाम खाली है। कालकापारा, बुधवारी, केदारबाडी स्थित राशन दुकान से लगभग 3 से 4 लाख का राशन गायब होना बताया जा रहा है। शिकायत के बाद फुड इंस्पेक्टर सिद्धांत मिश्रा ने जांच कर गड़बड़ी पकड़ा है। वर्तमान में 7 से 8 लाख के चांवल के गायब होने का मामला सामने आ रहा है। राशन दुकानों के स्टाक की जांच की जाए तो गबन का बड़ा मामला सामने आने की संभावना है।

### धान दुकानों और गोदामों में दबिश

**डोंगरगढ़।** धान खरीदी शुरू होने के साथ ही अन्य राज्य से आने वाले धान की खपत रोकने प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में मंडी एवं फुड विभाग की संयुक्त टीम अभियान चलाकर निगरानी कर रही है। जांच टीम ने शहर के साथ ग्रामीण गल्ला व्यापारियों की दुकानों और गोदामों को खंगाला है। गल्ला व्यपारियों के गोदाम में रखे अनाज एवं उनसे संबंधित दस्तावेज भी खंगाले गए है।प्रशासनिक अधिकारियों ने अभी तक इस मामले की किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं किया है।

### गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**अंबागढ़ चौकी।** जनजाति गौरव दिवस आगामी 3 दिसंबर को नगर में भव्य कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हो सकते हैं।

## दिवस : अधिकारियों-कर्मचारियों ने दोहराया राष्ट्रनिर्माण का संकल्प

# संविधान दिवस पर कलेक्टरेट परिसर में ली गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टरेट परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, देश की एकता-अखंडता और कर्तव्यपरायणता का शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में अपर जिला दंडाधिकारी ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता के मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर ने संविधान दिवस को देश के प्रत्येक नागरिक और सरकारी सेवक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शपथ का वास्तविक उद्देश्य कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। कलेक्टरेट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारी, महिला कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी का लिया संकल्प

सभी ने एकजुट होकर संविधान के मूल आदर्शों का पालन करने और प्रदेश एवं देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। संविधान दिवस के इस अवसर पर प्रशासनिक वातावरण पूरी तरह से राष्ट्रभक्ति और जिम्मेदारी के भाव से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## लालपुर स्कूल में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर संकुल मुरता में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। जहां संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने की बात विद्यार्थियों से की गई। विद्यार्थियों ने संविधान दिवस के अवसर पर भाषण, गीत, कविता, स्लोगन,की प्रस्तुति दी गई। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने भारत का संविधान, उद्देशिका, प्रस्तावना का वाचन किया गया। संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुर्रे ने संविधान में प्रदत्त समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध, धर्म संस्कृति एवं शिक्षा की स्वतंत्रता का अधिकार, संपत्ति, संवैधानिक उपचारों का अधिकारों पर चर्चा कर जानकारी दी। प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपालसिंह डाहिरे, सीएससी मुरता सतीश कुर्रे, शिक्षक मोतीराम पात्रे, घनश्याम साहू , शान्त कुमार पटेल सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## सोमईकला स्कूल में संविधान दिवस पर दिलाई गई शपथ



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला सोमईकला विकास खंड साजा में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान पाठक पवन कुमार देवांगन एवं कमल किशोर शर्मा द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले बच्चों को संविधान की आवश्यकता और संविधान बनने प्रक्रिया पर बातचीत किया गया। संविधान में उल्लेखित अधिकार एवं कर्तव्य पर विस्तार से जानकारी दिया गया। संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर रहे।संविधान समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के साथ साथ संविधान सभा में देश के सभी भागों से लगभग 299 सदस्य थे। संविधान सभा का काम था संविधान लिखना। संविधान नियमों का वह संकलन है जिसमें हमारे देश की व्यवस्था की रुपरेखा एवं हमारे सामाजिक आदर्श लिखित हैं। संविधान बनने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिवस लगते हुए 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया। और 26 जनवरी 1950 को लागू कर गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित शिक्षक रामकृष्ण साहू ज्ञानिक मार्कंडेय संत कुमार घृतलहरे पूर्णिमा मार्कंडेय ईश्वरी ठाकुर ने संविधान में उल्लेखित अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दिया गया।

## संविधान दिवस पर जिला चिकित्सालय में ली गई शपथ

**बेमेतरा।** जिला चिकित्सालय में संविधान दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, देश की एकता-अखंडता और कर्तव्यपरायणता का शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू,अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु, एवं सभी अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए शपथ ली गई। सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने संविधान दिवस को देश के प्रत्येक नागरिक और सरकारी सेवक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शपथ का वास्तविक उद्देश्य कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है।जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन कार्यालय से सभी ने एकजुट होकर संविधान के मूल आदर्शों का पालन करने और प्रदेश एवं देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व का शताब्दी समारोह में भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सपूर्ण सिख जगत ने इस वर्ष श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व को शताब्दी समारोह के रूप में मनाया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में स्त्री सत्संगत कमेटी द्वारा पिछले 10 दिनों से सलोक महला 9वा का पाठ गुरूद्वारा साहेब में किया गया। शहीदी पर्व को समर्पित संगत ने अपने घरों में सहज पाठ किया था, जिसकी संपूर्णता बुधवार सुबह गुरुद्वारा साहेब में हुआ। रात में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से पंजाबी युवा समिति के पहल पर एक विशेष दीवान सजाया गया।

जिसमें 350 संगत ने एक साथ मिलकर सलोक महला 9वां जो की गुरु तेग बहादुर जी द्वारा रचित बानी का सामूहिक कीर्तन कर अपनी आस्था को व्यक्त किया। समाप्ति के बाद गुरु के लंगर की सेवा किया गया। गुरु इतिहास की जानकारी एवं आभार समाज के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला ने व्यक्त की।

# नवागढ़ महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



- छात्रों ने भाषण, पोस्टर व क्विज के माध्यम से जाना संविधान का महत्व

शासकीय केआरडी महाविद्यालय नवागढ़ में बुधवार को संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एकेडमिक सोसाइटी राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। संविधान पर आधारित भाषण, पोस्टर प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरीश कांत पाण्डेय ने भारतीय संविधान की मूलभूत विशेषताओं—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्रों से संविधान की मूल भावना को जीवन में उतारने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के श्री जौबन कुमार ने संविधान के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब नागरिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करें।

**ये रहे उपस्थित:** राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीला एक्का ने भारतीय संविधान के निर्माण, उसकी विकास यात्रा और उसकी विशेषताओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। वहीं हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. मंगली बंजारा ने हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषय पर प्रेरक संबोधन दिया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी प्रो. निर्मल पुरामे, राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. करण सोनी, अन्य प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस का कार्यक्रम जागरूकता, ज्ञान और राष्ट्रभावना का संदेश देते हुए सम्पन्न हुआ।

## कुम्ही स्कूल में रखा गया नेवता भोज

**बेरला।** सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल वर्मा ने अपनी पुत्री सिमी वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला कुम्ही में नेवता भोज रखा। शाला बच्चों ने भोज का आनंद लिया। इस अवसर परदाऊ रोशन लाल, सरपंच मंजू गंधर्व, जीवनलाल वर्मा, ए बाला, अंकित सोनी, अनीता उर्वासा, सरस्वती, सूरज प्रकाश ,प्रकाश चंद्र, दाऊ शिवकुमार वर्मा ,मोहन, वीरेंद्र ,हरीश सहित शाला के शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कांग्रेस नेता रोशन ने बूथों में किया सक्रिय जनसंपर्क



- मतदाताओं से स्वयं भरवाया एसआईआर फॉर्म

**नवागढ़।** अभी से आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियाँ तेज़ हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने बुधवार को बूथों में पहुंचकर मतदाताओं से ए स आ ई आ र (विशेष गहन पुनरीक्षण) फॉर्म भरवाए। उन्होंने नवागढ़ नगर में बूथ–स्तर पर घर–घर जाकर लोगों से मुलाकात की और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूट न जाए। स्थानीय निवासियों में उनके इस प्रयास को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह रहा। रोशन धर दीवान ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़ना सिर्फ चुनावी प्रक्रिया नहीं, यह हर नागरिक का अधिकार है। मेरा उद्देश्य यही है कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटे नहीं। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे एसआईआर फॉर्म भरकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथों पर लगातार सक्रिय रहकर आमजन की सहायता करें, ताकि गलतियों व चूक की संभावना न्यूनतम रहे। राजनीतिक जानकार इसे आगामी चुनावों की तैयारी से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं क्षेत्र में इस पहल से कांग्रेस की गतिविधियों में नई गति आई है।



## रमपुरा में मना संविधान दिवस

**साजा।** संबलपुर के आश्रित ग्राम रमपुरा में भारतीय संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत संबलपुर के युवा सरपंच रेखराम सोनवानी वार्ड पंच सुशीला घृतलहरे, फ़ुलमत चतुर्वेदी, चदर घृतलहरे, सतवंतिन भारती, लाला घृतलहरे, बसंत भारती, ताराचंद चतुर्वेदी, श्रवण घृतलहरे, संतोष सोनवानी, दिलीप सोनवानी, ईश्वरी भारती, खिलेश्वर टंडन, शंकर टंडन एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति रही।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं को मिला सम्मान

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को पूर्व विधायक चन्देल ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



- गोदभराई, अन्नप्राशन व सम्मान से सजा आंगनबाड़ी कार्यक्रम, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

बेरला के कृषि उपज मंडी प्रांगण में विकासखण्ड के स्थानीय आगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिसमे पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत के सभापति- अंजनी कुमार चंदेल एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, भाजपा प्रदेश मंत्री- संध्या परगनिहा, नगर पंचायत बेरला के अध्यक्ष- विशाल देशलहरा, बेरला भाजपा मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत, शिवझड़ी सिन्हा, बलराम यादव, बलराम शिवारे, सुश्री उमा नेताम, योगेन्द्र चौहान, भुखन यादव, कुशल साहू शिक्षक एवं बेरला परियोजना अधिकारी- डॉ. विद्यानंद बोरकर परियोजना अधिकारी सहित पर्यवेक्षक व आगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिका उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में परियोजना स्तर पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व अन्य विभागों के समन्वय से किये गये उत्कृष्ट कार्य करने वाले आगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं के सम्मान हेतु आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में आ.बा.केन्द्र स्तर व स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, बालगीत, का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों द्वारा प्रस्तुती दी गई। उक्त कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के उद्देश्य महत्व एवं परिणाम व कुपोषण मुक्त, बाल विवाह मुक्त एवं पोषण आहार पर विशेष व्याख्यान दिया गया।

तत्पश्चात अतिथियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 06 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। जिसमें परियोजना पर्यवेक्षक- कल्पना अले पर्यवेक्षक द्वारा गोदभराई व अन्नप्राशन के बारे उददेश्य, महत्व का विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पोषण से जागरूकता हेतु विभिन्न व्यंजनों जैसे ठेठरी, खुरमी, अइरसा, रेडी-टू-ईट लड्डू भाजी इत्यादि से संबधित सामाग्री व स्थानीय साग सब्जियों का प्रदर्शन कर आम जन को पोषण के संबंध में जागरूकता प्रदाय के बारे में बताया।उक्त व्यंजन एवं स्थानीय साग - सब्जियों के प्रदर्शन के माध्यम से लोगों में पोषक तत्व विटामिन व खनिज तत्व के बारे में बताया गया। तत्पश्चात परियोजना स्तर पर 10 आगनबाड़ी कार्यकर्ता व 10 आगनबाड़ी सहायिकाओं को पूर्व विधायक अवधेश चंदेल द्वारा सम्मान किया गया। तद्धपरांत पूर्व विधायक द्वारा शासन के योजनाओं की उपलब्धि को बताया गया एवं समस्त आं.बा. कार्यकर्ता व सहायिकाओं की भविष्य उज्जवल की कामना की गई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिये प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदाय किया गया। अंत में परियोजना अधिकारी द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समापन की कार्यवाही की गई।

